Title: Urgent need to repair the wire of the high tension (11,000 volts A.C.) causing death of forty people during a religious procession in Palamu, Bihar and provide compensation to the victim's families.

श्री ब्रजमोहन राम (पलामू) : उपाध्यक्ष महोद्य, पलामू मेरा निर्वाचन क्षेत्र है। 12 अप्रेल को रामन्वमी के जुलूस में 11 हजार वोल्ट का तार गिरा। उ्समें 40 लोग मर गए और 200 लोग घायल हो गए। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते इतनी बड़ी घटना घटी। दुर्घटना होने पर अफरा-तफरी मची और लोग भागने लगे। भागने पर वे लोग घायल हो गए। विभाग की लापरवाही के कारण हाई टेंशन वायर के नीचे वायर गार्ड नहीं लगाया गया था और न ही सुरक्षा का कोई अन्य प्रबन्ध किया गया था। तीन मजिस्ट्रेट डिप्यूट किए गए थे लेकिन वे उस सम्य ड्यूटी पर नहीं थे जिससे घायल लोग तुरन्त राहत न मिलने से लाचार रहे। मेरा अनुरोध है कि वहां की तार को तुरन्त बदला जाए जिससे भव्यि में ऐसी दुर्घटना न हो सके। हम गृह मंत्री जी से आग्रह करेंगे वे उस क्षेत्र का दौरा करें और पीड़ित लोगों की क्षति-पूर्ति करें। आश्रितों के परिवार वालों को नौकरी और पांच लाख रुपए दिए जाएं। इस तरह की दुर्घटना दोबारा न हो, इसकी भी व्यवस्था की जाए।